वरिष्ठजनों व निवासियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वाँ स्वाधीनता दिवस




# विराम खण्ड-5 में वरिष्ठजनों व निवासियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वाँ स्वाधीनता दिवस

**लखनऊ | 17 अगस्त २०२५**
**DN Verma**

विराम खण्ड- 5 जनकल्याण समिति के माननीय सदस्यों, पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों द्वारा 15 अगस्त 2025 को 79वाँ स्वाधीनता दिवस बड़े उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद् डॉ. भरत राज सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राकेश जेटली ने किया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. सिंह ने भारत की बढ़ती आर्थिक विकास दर और विज्ञान व तकनीक में हो रही प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2047 में जब भारत अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब हमारा देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। वर्तमान में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और लक्ष्य है कि 2030 तक इसे तीसरे स्थान पर पहुँचाया जाए।

**डॉ. सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि भारत के सैनिको ने 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी कार्यवाहियों से आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है। 'मेड इन इंडिया' आकाश मिसाइल ने सीमा सुरक्षा में अभेद्य कवच का निर्माण किया है, वहीं ब्रह्मोस मिसाइल ने अपनी सटीकता से पूरी दुनिया को चकित कर दिया। उन्होंने शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि का भी उल्लेख किया, जिन्होंने वैम- 4 स्पेस शटल के माध्यम से लखनऊ का नाम रोशन किया। डॉ. सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आने वाली पीढ़ी को तकनीकी प्रगति और नवाचार की दिशा में प्रेरित करें।**

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ;. भरत राज सिंह (अध्यक्ष) , राकेश जेटली (खंड प्रभारी-2,3,4,5), ए.के. श्रीवास्तव (से.नि. आईएएस), डॉ. आर.पी. शर्मा (से.नि. निदेशक), डॉ. वी.के. श्रीवास्तव, गोरख प्रसाद निषाद (पूर्व मंत्री), एस.बी.एल. मेहरोत्रा, आनंद प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद अस्थाना, दिवा शंकर तिवारी, मनोज शर्मा, नित्यानंद पांडे (अधिवक्ता), अतुल पंत, हरि नारायण सिंह, चंदन सिंह, आलोक भदौरिया, राघवेंद्र तिवारी, अर्चना पाण्डेय और सीमा सिन्हा सहित अनेक गणमान्यजन।**




---

https://ghoomtaaina.in/senior-citizens-and-residents-of-viram-khand-5-celebrated-79th-independence-day-with-great-joy/#google_vignette